दिनांक : 04.08.2025

समय : 07.10AM

आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार :-

- विधानसभा के मॉनसून सत्र में आज मेट्रो पॉलिटिन रीजन सहित 6 महत्वपूर्ण विधेयक होंगे पेश।
- मध्यप्रदेश को मिली रेल सौगातों के लिए मुख्यमंत्री ने जताया प्रधानमंत्री और रेलमंत्री का आभार।
- प्रदेश में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान के तहत होगी विभिन्न गतिविधियां।
- सावन का आज अंतिम सोमवार, उज्जैन सहित अन्य शहरों में शिवमंदिरों में श्रद्धालुओं का पहुंचना जारी।

प्रदेश विधानसभा- मानसून सत्र

प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान आज मेट्रोपालिटन विधेय़क सहित छह महत्वपूर्ण विधेयक सदन में रखे जाएंगे। भोपाल और इंदौर शहर के आसपास मेट्रोपालिटन रीजन के गठन के लिए नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजवर्गीय मध्यप्रदेश महानगर क्षेत्र नियोजन एवं विकास विधेय़क 2025 पेश करेंगे। इसमें प्रदेश स्तर पर मेट्रोपालिटन रीजन अथारिटी के गठन का प्रावधान है। इसके अलावा श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल कारखाना संशोधन विधेयक और दुकान तथा स्थापना संशोधन विधेयक का प्रस्ताव करेंगे। इसके साथ ही मध्यप्रदेश मोटरयान कराधान संशोधन, कमजोर वर्ग के लिए विधिक सहायता तथा विधिक सलाह निरसन विधेयक, मध्यप्रदेश विश्वविद्यालय संशोधन विधेयक पेश किए जाएंगे। सदन में इन विधेयकों पर चर्चा के लिए 30 मिनट की अवधि निर्धारित की गई है।

रेल सौगात- मुख्यमंत्री

प्रदेश को कल दो नई रेलगाड़ियों की सौगात मिली है। जबलपुर-रायपुर एक्सप्रेस और रीवा-पुणे (हडपसर) एक्सप्रेस की भी कल शुरुआत हुई। कल गुजरात के भावनगर रेलवे स्टेशन से रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भावनगर- अय़ोध्या ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उज्जैन से वर्चुअली शामिल हुए। उन्होंने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में नया भारत विश्व में अपनी अलग पहचान बना रहा है। उन्होंने इन रेलगाड़ियों के संचालन के लिए प्रधानमंत्री और रेलमंत्री का आभार जताया।

स्थानीय उत्पाद

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आमजन से स्थानीय उत्पाद खरीदने का आहवान किया है। कल रायसेन दौरे पर आए श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी जरूरत का प्रत्येक सामान अपने देश में बना हुआ ही खरीदने की अपील की है। उन्होंने कहा कि इसका पालन करते हुए हमें हमारे किसानों, स्वयं सहायता समूह की बहनों और छोटे-छोटे निर्माताओं से सामान खरीदना चाहिए।

एमओयू- मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में मुख्यमंत्री निवास में आज मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद् द्वारा दो समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित होंगे। पहला त्रिपक्षीय एमओयू जनअभियान परिषद्, दीनदयाल शोध संस्थान एवं राज्य आनंद संस्थान के मध्य होगा। इसका उद्देश्य आपसी प्रशिक्षण द्वारा प्रदेश में आनंद ग्रामों का विकास एवं सतत् विकास लक्ष्य आधारित ग्राम विकास अवधारणा के क्रियान्वयन के साझा पहल करना है। दूसरा द्विपक्षीय एमओयू जनअभियान परिषद् और नर्मदा समग्र भोपाल के मध्य होगा, जिसका उद्देश्य प्रदेश में नदी संरक्षण के विविध आयामों पर मनःस्थिति और परिस्थिति बदलने के साझा प्रयास करना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव जन अभियान परिषद के "माटी गणेश-सिद्ध गणेश" अभियान का भी शुभारंभ करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा अभियान की संकल्पना पर केन्द्रित पोस्टर का विमोचन भी किया जायेगा।

तिरंगा अभियान- मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि नई पीढ़ी को स्वतंत्रता का महत्व बताने और जन-जन को आजादी पर्व से जोड़ने के लिए केन्द्र सरकार के मार्गदर्शन में प्रदेश में "हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता : स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान चलाया जाएगा। कल कालीदास अकादमी उज्जैन में आयोजित विकास कार्यों के भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि अभियान 15 अगस्त तक तीन चरणों में चलेगा। इस दौरान प्रदेश में विभिन्न प्रकार की गतिविधियां होंगी। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के रंग, हम अपने घर, अपने परिवेश की स्वच्छता और शुचिता के संग मनाएंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने लगभग 155 करोड़ रुपए की लागत वाले 8 नवीन सेतुओं और दो नवीन मार्गों के निर्माण कार्य का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि इन निर्माण कार्यों से वर्ष 2028 में होने वाले सिंहस्थ महाकुंभ में लाखों श्रद्धालुओं को आवागमन में भी आसानी होगी।

अच्छी खबर- खरगोन

महेश्वरी साड़ियां दुनियांभर में अपनी बुनाई के लिये मशहूर हैं। वहीं खरगोन जिले की हेमलता खराड़े महेश्वरी साड़ियों की बुनाई कर आज महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई हैं।

वीओ- कभी गांव-गांव में मजदूरी कर महीने भर में मुश्किल, से 800 रुपये कमाने वाली हेमलता ने अपनी मेहनत, हुनर और आत्मविश्वास से खुद की दुनिया ही बदल दी। आज वे न सिर्फ सफल उद्यमी हैं, बल्कि 15 महिलाओं को रोज़गार देकर उन्हें भी आत्मनिर्भरता की राह पर ले जा रही हैं।

वीओ- हथकरघा के माध्यम से देश मे महेश्वरी साड़ी की देश मे अलग पहचान बनाने वाली लकपती दीदी हेमलता के बारे में ज्यादा जानकारी दे रहे महेश्वर से हथकरघा विभाग के सहायक संचालक राजकुमार सराफ...
बाइसकास्ट- राजकुमार सराफ सहायक संचालक हथकरघा
वीओ- आकाशवाणी के लिए मैं खरगोन से आशुतोष पुरोहित।

सावन सोमवार

प्रदेशभर में सावन के आखिरी सोमवार के अवसर पर सुबह से ही मंदिरों में श्रृद्धालु पहुंच रहे है। उज्जैन में शाम को बाबा महाकाल की राजसी सवारी निकाली जाएगी। भगवान महाकाल नंदी रथ पर उमा-महेश स्वरूप में भक्तों को दर्शन देंगे।

वही आगरमालवा के प्रसिद्ध, प्राचीन और ऐतिहासिक शिवालय श्रीबैजनाथ महादेव मंदिर पर अलसुबह सुबह से ही भक्तों का तांता देखा जा रहा है। यहां बड़ी संख्या में आये भक्तजन कतार में खड़े होकर दर्शन कर रहे है। बाबा बैजनाथ की सवारी को देखते हुए कलेक्टर ने आज जिले में अवकाश घोषित किया है। खंडवा जिले के ओंकारेश्वर में भी भगवान ओंकारेश्वर की सवारी निकाली जाएगी। मंदसौर में भी भगवान पशुपतिनाथ के दर्शन के लिए बडी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। वही मंडला में नमामि नर्मदे महाआरती ट्रस्ट द्वारा आज माहिष्मती नर्मदेश्वर कांवड़ यात्रा का आयोजन किया जाएगा। यह कावड़ यात्रा प्रातः 8 बजे माहिष्मती घाट से प्रांरभ होगी..

प्रदेश मौसम

प्रदेश में बारिश का एक और दौर शुरू होने की संभावना है। मौसम विभाग ने छतरपुर और टीकमगढ़ जिलों में आज भारी बारिश का आरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं शिवपुरी, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना सहित 9 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट है।

भारत-इंग्लैंड टेस्ट क्रिकेट पांचवां दिन

क्रिकेट में, ओवल में खेला जा रहा एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का पाँचवाँ और अंतिम टेस्ट मैच रोमांचक दौर में पहुंच गया है। मैच के पांचवे दिन आज मेज़बान इंग्लैंड अपनी दूसरी पारी में 6 विकेट

पर 339 रन से आगे खेलेगा। इंग्लैंड को जीत के लिए सिर्फ़ 35 रन और चाहिए, जबकि भारत को जीत दर्ज करने के लिए चार विकेट लेने होंगे। भारत फिलहाल पाँच मैचों की श्रृंखला में 1-2 से पीछे है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- नर्मदापुरम जिले के इटारसी स्थित प्रतिभूति कागज कारखाना में साइबर फ्रॉड से बचने के लिए कल जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- डिंडौरी माँ नर्मदा को समर्पित पर्यावरण संरक्षण "मैया अभियान" अंतर्गत कल शंकर घाट में स्वच्छता सेवा की गई। बाढ़ के कारण नर्मदा घाट में फैली गंदगी को साफ किया गया।
- इंदौर में क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय में "नो हेलमेट - नो इंट्री" अभियान प्रारम्भ किया गया है। अभियान का उद्देश्य शासकीय कर्मचारियों व आमजन को हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित करना है।
- गुना पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के निर्देशन में जिले में सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन को लेकर लगातार जागरूकता गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं।
- रीवा में कल उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने संजय गांधी अस्पताल में आठ करोड़ रुपए की लागत की सीटी स्केन मशीन का लोकार्पण किया।

-------